RNI NO - UPHIN/2022/86937

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

DKU LIVE

सब पर नज़र, सबकी खबर

वर्ष – 04 | अंक – 36 | जौनपुर गुरूवार, 18 सितम्बर 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### 11 उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

मणिपुर, (एजेंसी)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के तीन जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तारियां मंगलवार को थौबल, बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिलों से की गईं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के छह सक्रिय कार्यकर्ता, यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) के दो सदस्य, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के दो कार्यकर्ता और कांगलेई यावोल कन्ना लूप (सोरेपा) का एक सदस्य शामिल है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से राइफलें, 382 राउंड कारतूस और अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। आगे की जांच जारी है। इससे पहले एक और घटना में मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में तीन लोगों को स्थानीय व्यापारियों से जबरन वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर के सदस्य निंगथौजम यंबा सिंह (44) को केराओ बित्रा स्थित उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि बाद में उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से एक .32 पिस्तौल और एक भरी हुई मैगजीन बरामद की गई। इस बीच पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए पांच हथियार सोमवार को कोंगबा मारू हिल और उसके आसपास के इलाकों से बरामद किए गए।

### कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने आंगनवाड़ी बच्चों के लिए खिलौने खरीदे

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को यहां सुल्तान बाथरी में एक आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनके लिए उनके पसंदीदा खिलौने खरीदे। पार्टी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि प्रियंका ने अंबालावायल पंचायत में वरिप्रा स्मार्ट आंगनवाड़ी का उद्घाटन किया और फिर बच्चों से उनके पसंदीदा खिलौनों के बारे में पूछा। उन्होंने प्रत्येक बच्चे द्वारा बताए गए पसंदीदा खिलौने को नोट किया और बाद में सुल्तान बाथरी शहर के एक दुकान में जाकर वहां से खिलौनों को चुना तथा बच्चों को वितरित किए जाने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी में उन्होंने बच्चों के साथ खेला, उन्हें मिठाइयां बांटी और उनके साथ लोकगीत गाए। बयान में कहा गया है कि आंगनवाड़ी से निकलने के बाद उन्होंने एक चर्च गयीं। चर्च में उन्होंने बिशप गीवर्गीस मोर स्टेफानोस से मुलाकात की। चर्च में प्रियंका को स्टेफानोस द्वारा लिखी गई पुस्तकें भेंट की गईं। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान सुल्तान बाथरी के निकट चेट्टियालाथुर के स्थानीय निवासियों से भी मुलाकात की। बयान में कहा गया कि निवासियों ने उनसे बिजली और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के बारे में शिकायत की।

## आरएसएस ने पीएम मोदी की यात्रा को बताया भारत के वैश्विक उदय का प्रतीक

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने देश को भ्रष्टाचार, अनिर्णय और दूरदर्शिता की कमी से ग्रस्त देश से निकालकर एक आत्मविश्वासी शविश्वगुरुश के रूप में स्थापित किया है, जिसकी जड़ें प्राचीन सभ्यता में हैं और जिसका विश्व सम्मान करता है। प्रधानमंत्री को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाएँ देते हुए, आरएसएस ने अपने मुखपत्र ऑर्गेनाइजर के माध्यम से कहा कि हीरक जयंती यात्रा इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे प्रधानमंत्री एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर एक ऐसी हस्ती बने जिसने भारत के वैश्विक कद को फिर से परिभाषित किया। ऑर्गेनाइजर ने बुधवार को कहा कि यह हीरक जयंती एक व्यक्तिगत मील का पत्थर मात्र नहीं है। यह भारत के परिवर्तन का प्रतिबिंब है – एक ऐसे राष्ट्र से जो कभी भ्रष्टाचार, अनिर्णय और दूरदर्शिता की कमी से ग्रस्त था, एक आत्मविश्वासी विश्वगुरु के रूप में, जिसका विश्व सम्मान करता है और जिसकी जड़ें अपनी प्राचीन सभ्यता में हैं। आरएसएस ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार आध्यात्मिक बौद्ध भूमि वडनगर ने स्वामी विवेकानंद के प्रभाव के साथ मिलकर एक छाप छोड़ी, जिससे यह विचार उत्पन्न हुआ कि भारत को जगत गुरु बनना तय है। आरएसएस ने कहा, उन्होंने खप्रधानमंत्री मोदी, एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो धर्म में निहित होने के साथ–साथ अपनी आकांक्षाओं में आधुनिक भी हो।ष और बताया कि वे जहाँ भी विदेश गए, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में प्रवासी कार्यक्रमों ने भारत के नए गौरव को प्रदर्शित किया। इसी तरह, उनकी षाले लगाने की कूटनीति और समान व्यवहार ने शक्ति का संचार कियाष। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि जी20, ब्रिक्स, एससीओ, क्वाड आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और बैठकों में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को षएक ऐसी वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया जो शुल्कों, प्रतिबंधों या धमकियों से नहीं डरती। इसमें इस बात पर भी प्रकाश डाला गया।



## सीएम योगी ने पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने सुबह 11 बजे जीपीओ पार्क में पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह व कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना मौजूद रहे। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस चित्र प्रदर्शनी में पीएम मोदी के बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के पूरे सफर को दर्शाया गया है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक भारतीय जनता पार्टी विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इसकी शुरुआत बुधवार से हो गई। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी को 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो, भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। 11 वर्षों में अर्थव्यवस्था, विरासत, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, नियुक्तियां, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन जैसे तमाम क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित और वंचित समाज को प्राथमिकता देने की वजह से हर नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। सीएम ने आगे कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है।



## दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 500 पालना घर शुरू करेगी : मुख्यमंत्री गुप्ता

नई दिल्ली, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार को 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में मजदूर के रूप में काम करने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए 500 पालना घर (क्रेच) शुरू करेगी। सिविल लाइंस स्थित वीआर मेट्रोपालिटन निर्माण स्थल पर मंगलवार को श्रम विभाग द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजा में भाग लेते हुए गुप्ता ने देश के विकास में श्रमिकों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी राज्य का विकास श्रमिकों की कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि छह महीने पहले दिल्ली में सत्ता में आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना और आरोग्य मंदिर क्लीनिक जैसे विभिन्न कल्याणकारी उपाय शुरू किए, जिनसे गरीबों को लाभ मिलेगा। गुप्ता ने कहा, ''हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'पालना' नाम से 500 शिशु गृह शुरू करने जा रहे हैं और महिला श्रमिकों के काम में जाने के दौरान उनके बच्चों की देखभाल इन पालना घरों में की जाएगी।'' उन्होंने कहा कि शिशुगृह बच्चों को उचित पोषण और देखभाल प्रदान करेंगे तथा यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनकी माताओं की आजीविका सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के शासनकाल से लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार रहने के दौरान पिछले 27 वर्षों में राजधानी में मजदूरों या गरीबों के लिए कोई भी ठोस कल्याणकारी योजना लागू नहीं की गई। उन्होंने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पूरी दिल्ली में न्यूनतम मजदूरी प्रणाली का एकसमान कार्यान्वयन सुनिश्चित किया है और इसके लिए चाहे कोई कर्मचारी सरकारी या निजी संस्थान में कार्यरत हो सभी को लाभ मिल रहा है।



## उन्होने पांच दशक से 'राष्ट्र प्रथम' की जीवंत प्रेरणा, करोड़ों के जीवन में बदलाव : अमित शाह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री पिछले पांच दशक से भी अधिक समय से लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और वह प्रत्येक नागरिक के लिए 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य की जीवंत प्रेरणा हैं। 'हैप्पी बर्थडे पीएम मोदी' हैशटैग के साथ 'एक्स' पर अपने पोस्ट में शाह ने यह भी कहा कि ''व्यवस्था में शुचिता, निर्णयों में दृढ़ता और नीतियों में स्पष्टता लाने वाले मोदी जी ने शासन के केंद्र में वंचितों, पिछड़ों, गरीबों, महिलाओं और आदिवासियों को लाने का अविस्मरणीय कार्य किया है। करोड़ों देशवासियों के जीवन में अकल्पनीय परिवर्तन लाकर 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की निर्माण यात्रा से उन्हें जोड़ने वाले मोदी जी पर पूरे देश को गर्व है।'' शाह ने कहा कि ''देश के लिए त्याग, तपस्या और सर्वस्व समर्पण का नाम है– श्री नरेन्द्र मोदी जी।'' उन्होंने कहा, ''सामाजिक जीवन में पांच दशक से अधिक समय से देशवासियों के कल्याण हेतु बिना रुके, बिना थके अनवरत कार्य करने वाले मोदी जी हर एक देशवासी के लिए 'राष्ट्र प्रथम' की जीवंत प्रेरणा हैं। '' गृह मंत्री ने कहा कि संघ (आरएसएस) से संगठन और सरकार तक, मोदी जी की जीवन यात्रा बताती है कि जब निश्चय हिमालय के समान अडिग और दृष्टि समुद्र के समान विशाल हो, तो कितने व्यापक परिवर्तन संभव हैं। उन्होंने कहा, ''करोड़ों देशवासियों के जीवन में अकल्पनीय परिवर्तन लाकर 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की निर्माण यात्रा से उन्हें जोड़ने वाले मोदी जी पर पूरे देश को गर्व है।'' शाह ने कहा, ''बीते चार दशक से मोदी जी को अलग–अलग दायित्वों में देख रहा हूं। चाहे संघ के प्रचारक हों, भाजपा के संगठन मंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री या बीते 11 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री, मोदी जी ने हमेशा राष्ट्र प्रथम को आगे और स्वयं को पीछे रखा है। मेरे जैसे कार्यकर्ता सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें उनके साथ उनकी हर भूमिका में कार्य करने का अवसर मिला।'' गृह मंत्री ने कहा कि चाहे कोई भी दायित्व हो, मोदी जी ने हमेशा रचनात्मक कार्यों और निर्णयों को बढ़ावा दिया।



## तीसरे पक्ष का कोई हस्तक्षेप नहीं : राजनाथ सिंह

हैदराबाद, (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत–पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के उप–प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित शहैदराबाद मुक्ति दिवसश के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि शकुछ लोग भारत–पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के उप–प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया।श रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि शकिसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने पहलगाम हमले के बाद हुए भारत–पाकिस्तान संघर्ष में मध्यस्थता कराई थी, लेकिन भारत ने इस दावे को बार–बार खारिज किया और साफ कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद संघर्ष विराम पर सहमति बनी और किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भूमिका नहीं है। मंगलवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी ट्रंप के दावे की पोल खोल दी और साफ कहा कि भारत ने संघर्षविराम में किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अस्वीकार कर दी थी। इशाक डार ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मई में भारत– पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, ।



## विश्वकर्मा पूजा पर नीतीश सरकार की बड़ी सौगात

बिहार, (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर एक वार्षिक योजना के तहत 16.4 लाख निर्माण श्रमिकों के खातों में लगभग 802 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने की घोषणा की। राज्य सरकार इस अवसर पर शमुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजनाश का एक वेब पोर्टल भी लॉन्च करेगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भी मनाया जा रहा है। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि आज सृजन के प्रणेता भगवान विश्वकर्मा की आराधना का दिवस है और आज ही आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिवस भी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी देश एवं नागरिकों के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा के साथ बिना रूके, बिना थके लगातार परिश्रम कर रहे हैं। यह सुखद संयोग है कि 'बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड' के तहत श्रमिकों के खाते में आज राशि हस्तांतरित की जा रही है। आज 16 लाख 4 हजार 929 निर्माण श्रमिकों के खाते में वार्षिक वस्त्र सहायता योजनान्तर्गत 5 हजार रुपए प्रति निर्माण श्रमिक की दर से कुल 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपए की राशि का अन्तरण सीधे उनके खाते में किया जा रहा है। इससे निर्माण कार्यों में लगे श्रमिक वर्ग के लोगों का जीवन और बेहतर हो सकेगा एवं उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास होगा। नीतीश कुमार ने ने कहा कि इस सुअवसर पर मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया जा रहा है। समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए हमलोग शुरू से कार्य कर रहे हैं। आज राज्य जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के नए आयामों को छू रहा है,।



## मैं सब्जी पर नमक की तरह हूँ, एनडीए में बढ़ी हलचल : चिराग पासवान

बिहार, (एजेंसी)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए खेमे में सब ठीक होने का संकेत दिया, लेकिन कहा कि वह बिहार विधानसभा चुनावों में अच्छी संख्या में सीटें चाहते हैं। बिहार सरकार, खासकर नीतीश कुमार पर कानून–व्यवस्था की स्थिति को लेकर निशाना साधने वाले पासवान ने कहा कि जनता दल (यू) नेता एनडीए की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों को देखते हुए, बयान दिए जाएँगे, रुखध तय किए जाएँगे। लेकिन अंततः, जीत की संभावना ही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यह बात एनडीए के सहयोगी जीतन राम मांझी की उस घोषणा के कुछ दिनों बाद कही गई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनकी पार्टी को चुनावी समझौते में 15 सीटें नहीं मिलीं, तो हिंदुस्तान आवाम मोर्चा 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। पासवान ने एनडीए के सीट बंटवारे के फॉर्मूले का खुलासा नहीं किया, लेकिन कहा कि वह अच्छी सीटें चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में एक संख्या है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी का प्रभाव हर निर्वाचन क्षेत्र में 20,000 से 25,000 वोटों को प्रभावित कर सकता है और कहा, षैं सब्जी पर नमक की तरह हूँ। बिहार के जमुई से लोकसभा सांसद, लोजपा नेता अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, ष्यह मामला अभी विचाराधीन है।ष्केंद्रीय मंत्री ने नीतीश कुमार को अगले मुख्यमंत्री के रूप में बदलने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ष्मेरे समर्थक मुझे मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। लेकिन यह बहुत सामान्य बात है. .. समर्थकों का अपने नेताओं के लिए बड़े सपने देखना।बिहार की कानून–व्यवस्था पर उनकी पिछली टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, पासवान ने स्वीकार किया ।



## दशहरा तक किसानों को वित्तीय सहायता मिलने की उम्मीद : अजित पवार

मुबंई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार आश्वस्त है कि बारिश से प्रभावित किसानों को दशहरा तक वित्तीय सहायता अंतरित कर दी जाएगी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 30 जिलों के 654 राजस्व क्षेत्रों की 195 तालुका में 19.5 लाख हेक्टेयर भूमि में खरीफ फसलें प्रभावित हुई हैं। छत्रपति संभाजीनगर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि अधिकारियों को बारिश से प्रभावित जिलों में हुए फसलों के नुकसान का शीघ्र सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर शिवसेना (उबाठा) के पूर्व नेता एवं पूर्व विधायक शिवाजीराव चोथे अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल हो गए। पवार ने कहा, ''छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड और नांदेड़ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई जबकि पैठण के कुछ इलाकों में पानी अब भी कम नहीं हुआ है। सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और मराठवाड़ा के जिला प्रशासन को फसल नुकसान का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। संरक्षक मंत्री सर्वेक्षण की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि बारिश से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट जल्द ही राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मराठवाड़ा क्षेत्र में अत्यधिक भारी बारिश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ''हम वित्तीय सहायता सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित करेंगे। सरकार आशान्वित है कि यह प्रक्रिया दशहरा (दो अक्टूबर) तक पूरी हो जाएगी।'' इस बीच कृषि मंत्री दत्तात्रय भरणे ने कहा कि अगस्त और सितंबर में भारी बारिश से महाराष्ट्र के 30 जिलों में 17.85 लाख हेक्टेयर भूमि में फसलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों में पंचनामा (भू आकलन) का काम पूरा हो चुका है और मुआवजा वितरित किया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार सोयाबीन, मक्का, कपास, अरहर, उड़द, मूंग, सब्जियां, फल, बाजरा, गन्ना, प्याज, ज्वार और हल्दी को सबसे अधिक नुकसान हुआ है।



# संपादकीय

## संतुलनकारी हस्तक्षेप

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों ने ही स्वागत किया है। एक संवेदनशील संतुलन बनाते हुए न्यायालय ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें एक वह खंड भी शामिल है, जो यह निर्धारित करता है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित कर सकते हैं। हालांकि, न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि 'अनुमान हमेशा किसी कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है।' बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर–मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। दरअसल, विगत में विपक्ष आशंका जताता रहा है कि यह अधिनियम ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा बन सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय का अंतिम आदेश कानून से जुड़ी ऐसी तमाम आशंकाओं का समाधान कर सकेगा। देश के मौजूदा परिदृश्य में सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये वक्फ की समृद्ध क्षमता का दोहन करने पर राजनीतिक और धार्मिक सहमति बनाने की आवश्यकता है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से तार्किक आधार रखता है, जिसे संतुलन के हस्तक्षेप की संज्ञा दी जा रही है। जिससे मुस्लिम पक्ष की कतिपय आशंकाओं को दूर करने का ही प्रयास हुआ है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत द्वारा किए गए संशोधन में संविधान की मूल भावना का ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने उन प्रावधानों पर भी रोक लगायी है, जो जिलाधिकारी या सरकारी अधिकारी को यह तय करने की शक्ति देते थे कि कोई वक्फ संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत का मानना था कि जिलाधिकारी कार्यपालिका का अंग ही होता है। अगर उसे यह शक्ति दी जाती है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ होगा। जिसके मूल में यह सोच रही है कि लोकतंत्र के तीन आधारभूत स्तंभों विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन कायम रह सके। जाहिर है कि एक स्तंभ को अधिक शक्तियां मिलने से उसके निरंकुश व्यवहार करने की आशंका बनी रह सकती है।

# कटुता-क्रिकेट और बेहतर रिश्तों की उम्मीद

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में दोस्त और दुश्मन स्थाई नहीं हुआ करते, देशों को समय और स्थितियों के अनुसार अपनी नीतियां बदलनी पड़ती हैं। हां इस बारे में सावधानी बरतना एक महत्वपूर्ण शर्त है। भारत–पाकिस्तान के रिश्तों के बारे में कुछ भी कहने से पहले यह कहना चाहता हूं कि एशिया कप के लिए दुबई में हुआ इन दोनों देशों का मुकाबला मैंने देखा था और यह देखकर बहुत खुश हुआ था कि भारत यह मैच बड़ी शान से जीत गया। सच कहूं तो यह मैच मैंने क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले के लिए नहीं, भारत को जीतने के लिए खेलते हुए देखने के लिए देखा था। जिस भी भारतीय ने इस मैच को देखा होगा, निश्चित रूप से वह भारत को जीतते हुए देखना चाहता होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि खेल खेल के लिए भी देखा जाता है, शायद देखा भी इसीलिए जाना चाहिए। लेकिन जब मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच हो तो बात खेल तक ही सीमित नहीं रहती, यह भी सच है। दोनों देशों के रिश्तों को देखते हुए यह सही भी है। लेकिन गलत यह भी नहीं है कि ऐसे खेलों का एक उद्देश्य रिश्ते सुधारना भी होता है। दुबई का यह मैच जिन स्थितियों में खेला गया, उनमें यह उम्मीद करना कि इससे रिश्ते सुधर जायेंगे, सही नहीं लगता। हमने यह भी देखा कि खेल के लिए सिक्का उछालते वक्त दोनों कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाये थे और खेल समाप्त होने के बाद भी खिलाड़ियों के लिए हाथ मिलाने की परंपरा को भी नहीं निभाया गया। पाकिस्तान के कप्तान ने तो आगे बढ़कर हाथ मिलाना चाहा था, पर हमारे कप्तान और हमारी सारी टीम ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। और यह सही भी था। पहलगाम में पाकिस्तान की शह पर, और पाकिस्तान के समर्थन से आतंकवादियों ने मनुष्यता को कलंकित करने वाला जो घिनौना कार्य किया था, उसके बाद भारत के खिलाड़ियों द्वारा ऐसा कुछ न किया जाना हैरान करने वाली बात होती। हमारी टीम के कप्तान ने इस विजय को 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देने वाले हमारे जांबाज सैनिकों और पहलगाम में शहीद हुए भारतीय पर्यटकों के परिवारों को समर्पित किया है। यह सब यही बताता है कि हाथ न मिलाने वाली यह घटना अनायास नहीं हुई थी, निश्चित रूप से पहले इस बारे में निर्णय ले लिया गया होगा। देश में कुछ लोगों को, या कइयों को, इस निर्णय से शिकायत है। उन्हें लग रहा है कि पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश के साथ हमें क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए। उनका कहना है कि 'खून और क्रिकेट साथ–साथ नहीं चल सकते'। बात गलत भी नहीं लगती। पाकिस्तान ने जो कुछ किया है, और जो कुछ कर रहा है, वह भुलाने या क्षमा करने लायक नहीं है। इसकी सजा उसे मिलनी ही चाहिए। 'ऑपरेशन सिंदूर' इसी सजा का एक हिस्सा है। यह भी सही है कि हमारी यह कार्रवाई अभी समाप्त नहीं हुई। हमने अभी इस 'ऑपरेशन' को 'स्थगित' ही किया है। पता नहीं, इस स्थगन का क्या मतलब है और कार्रवाई का अगला कदम कब उठाया जायेगा। यह हमारी सरकार को तय करना है। लेकिन कुछ ऐसा भी है जो हमें यानी देश के नागरिकों को तय करना है। पाकिस्तान ने पहलगाम में जो कुछ किया, उससे उपजा गुस्सा आसानी से, और जल्दी से, शांत नहीं हो सकता। देश में गुस्सा है, होना भी चाहिए। पाकिस्तान दोनों देशों के रिश्तों के बारे में जो कुछ कर रहा है, उसे विवेकहीनता के संदर्भ में ही समझा जाना चाहिए। हमने सारी दुनिया को यह बात बताई है, और अधिकांश देशों ने हमारे दृष्टिकोण को समझा– स्वीकारा है। पाकिस्तान कब समझेगा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन एक विवेकशील देश होने के नाते हमारी यह कोशिश होनी चाहिए कि हम अपने इस पड़ोसी देश को समझाएं कि वह जो कर रहा है वह हर दृष्टि से गलत है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था 'हम अपना पड़ोसी नहीं बदल सकते'। इस बात को समझने की आवश्यकता हैकृऔर पाकिस्तान को समझाने की भी। वाजपेयी जी ने यह कोशिश की थी। बशीर बद्र का एक शे'र भी सुनाया था उन्होंने पाकिस्तानियों कोकृ'दुश्मनी जम कर करो, लेकिन यह गुंजाइश रहेः फिर कभी हम दोस्त बन जाएं तो शर्मिंदा न हों।' यह शर्मिंदगी पाकिस्तान को समझनी चाहिए। बहरहाल, मुल्कों की दुश्मनी को अनंतकाल के लिए लटकाये नहीं रखा जा सकता। आखिर हम चीन की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा ही रहे हैं। तरेसठ साल पहले, 1962 में, चीन ने हमारी पीठ में छुरा घोंपा था। उसके बाद हमारी जमीन के बड़े हिस्से पर उसने कब्जा कर रखा है। अभी हाल तक वह भारत–विरेधी गतिविधियां करता रहा है। इस सबके बावजूद हम चीन की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा ही रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में दोस्त और दुश्मन स्थाई नहीं हुआ करते, देशों को समय और स्थितियों के अनुसार अपनी नीतियां बदलनी पड़ती हैं। हां, इस बारे में सावधानी बरतना एक महत्वपूर्ण शर्त है। गले मिलना कतई जरूरी नहीं है। 'जरा फासले से मिला करो' वाली नसीहत याद रखनी चाहिए। पर फासला इतना भी न हो जाये कि उसे पाटा न जा सके अथवा पाटने की कोशिश ही न हो। दुहराया जाना चाहिए कि पाकिस्तान जो कुछ कर रहा है, उसका समर्थन किसी भी दृष्टि से नहीं किया जा सकता। क्रिकेट मैच में जीत के बाद हमारी टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ न मिलाकर स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत से रिश्तों के संदर्भ में उसे अपनी दृष्टि और नीतियां दोनों, बदलनी होंगी। उसे यह भी समझना होगा कि पड़ोसी सबसे नजदीकी रिश्तेदार होता है। यह बात सबको याद रखनी चाहिए। इस सब में वे भी शामिल हैं जो आज यह मान रहे हैं कि हमें पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच नहीं खेलना चाहिए। पहली नजर में यह बात भले ही सही लगती हो कि पहलगाम जैसा अमानवीय काम करने–कराने वाले देश के साथ खेलों या कला के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रिश्ता नहीं रखना चाहिए, पर यह बात याद रखनी चाहिए कि रिश्ते जोड़ने वाली राह बहुत लंबी होती है। इस लंबी राह में थकना भी स्वाभाविक है। पर थकने के डर से चलना भी तो नहीं रुक सकता न? चलना तो पड़ेगा। पड़ोसी के साथ क्रिकेट खेलने को इस चलने के एक उदाहरण के रूप में देखा जाना चाहिए। जैसा कि शुरू में कहा, मैंने दुबई में खेला गया भारत–पाकिस्तान का क्रिकेट का मुकाबला देखा हैदृमैं पाकिस्तान को हारते हुए देखना चाहता था। मैंने यह भी देखा कि खिलाड़ियों ने हाथ नहीं मिलाये। अपनी टीम के कप्तान को यह कहते हुए देखना भी अच्छा लगा कि टीम ने इस विजय को 'ऑपरेशन सिंदूर' को कामयाब बनाने वाले सैनिकों और पहलगाम में शहीद होने वाले पर्यटकों के परिवारों को समर्पित किया है।



# हरियाणा के विकास को नये आयाम देने का संकल्प

देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का नरेन्द्र मोदी जी ने एक अलग ही जज्बा दर्शाया है। उन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने में लगा दी है। निस्संदेह, यह उनकी रणनीति का मूलमंत्र है कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हो'। निस्संदेह, आज विश्वपटल पर भारत देश की एक अनूठी पहचान बनी है। देश की बागडोर एक ऐसे दूरदर्शी नेता के हाथों में है जो केवल मात्र भारतमाता की प्रतिष्ठा बढ़ाने और जन–कल्याण को समर्पित है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को आज उनके 75वें जन्म दिवस पर हरियाणा की जनता की ओर से मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। वहीं देश के प्रति उनके निरंतर मार्गदर्शन और नेतृत्व की कामना करता हूं। मुझे हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए लगभग एक वर्ष हो गया है। मैंने यह व्यक्तिगत रूप से महसूस किया है कि देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का नरेन्द्र मोदी जी ने एक अलग ही जज्बा दर्शाया है। उन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने में लगा दी है। निस्संदेह, यह उनकी रणनीति का मूलमंत्र है कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हो'। उनका अटूट संकल्प और अथक परिश्रम हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुझे इस बात का गर्व है कि नरेन्द्र मोदी जी का हरियाणा के विकास के प्रति एक विशेष लगाव है। इसका साक्षात प्रमाण है– उन्होंने पिछले 11 वर्षों से देश का नेतृत्व करने के साथ–साथ हरियाणा को भी अनेक दूरगामी एवं कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से नवाजा है। नरेन्द्र मोदी जी ने अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर समाज के वंचित समुदाय व गरीब वर्ग का विशेष ख्याल रखा है। इसके साथध्ही समाज की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उनका एकमात्र लक्ष्य रहा है। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश और राष्ट्र की प्रगति का आधार बनी हैं। इस दिशा में गांवों में 20 वर्ष से अधिक समय से पंचायती भूमि पर बने मकानों के मालिकों को मालिकाना हक देकर बड़ी राहत दी गई है। शलखपति दीदीश योजना से लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं और राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही हैं। दिव्यांग पेंशन का दायरा बढ़ाकर हजारों लाभार्थियों तक पहुंचाया गया। इसके अलावा श्रमिकों को करोड़ों रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, फसल बीमा योजना, कौशल विकास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अनेक रचनात्मक कार्यक्रमों के जरिये हर वर्ग को सशक्त किया। अब किसानों को 24 अधिसूचित फसलों पर एमएसपी का लाभ मिल रहा है। वहीं डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया। दूसरी ओर, गरीब कल्याण योजना ने कमजोर वर्गों को सुरक्षा दी। कई ठोस कार्रवाइयों से आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार किया गया। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हरियाणा के लिए अन्य क्षेत्रों में भी कई ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं, जिनमें पानीपत से बीमा सखी योजना की शुरुआत, करनाल में 700 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय का शिलान्यास, 6,230 करोड़ रुपये से रिठाला कुंडली मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला, फरीदाबाद में 625 करोड़ रुपये की लागत से ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के नए भवन का शुभारंभ और यमुनानगर में 8469 करोड़ रुपये की लागत से थर्मल पावर प्लांट की तीसरी इकाई की आधारशिला जैसी परियोजनाएं शामिल हैंय जिनसे हरियाणावासियों को अनेक सुविधाएं मिली हैं। इसके साथ ही, यमुनानगर में गोबर–धन संयंत्र, रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन और हिसार एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं की शुरुआत ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

## .......... विविध ..........

# शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में संतुलन का विज्ञान

मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्तर पर स्वस्थ रखने की राह दिखाने वाला विज्ञान आयुर्वेद है। उपचार और जीवनशैली सुधार के जरिये यह जीवन के सभी पहलुओं के संतुलन पर केंद्रित है। इसमें त्रिदोष समाधान का महत्व है। औषधियां सुरक्षित,प्रभावी मानी जाती हैं हालांकि गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय घटकों की पहचान, शुद्धता परीक्षण और फार्माकोलॉजिकल मूल्यांकन



जरूरी है। आयुर्वेद केवल रोगों के उपचार की पद्धति नहीं है, अपितु यह जीवन, स्वास्थ्य और संतुलन का एक समग्र विज्ञान है। यह मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्तर पर स्वस्थ रखने का मार्ग दिखाता है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में आयुर्वेद का ज्ञान बीज रूप में उपलब्ध है। जबकि चरक संहिता, सुश्रुत संहिता और वाग्भट का अष्टांगहृदय इसके प्रमुख ग्रंथ हैं। आयुर्वेद का मूल उद्देश्य जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और दीर्घायु को सुनिश्चित करना है। उपचार और जीवनशैली सुधार के लिए यह व्यक्ति–केंद्रित चिकित्सा को महत्व देता है।

त्रिदोष और त्रिगुण की भूमिका

आयुर्वेद में प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति जन्म से निर्धारित होती है, जो त्रिदोष वात, पित्त और कफ के अनुपात पर आधारित होती है। यह प्रकृति व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और रोग–संवेदनशीलता की मूलभूत विशेषताओं को निर्धारित करती है। संतुलित दोष स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं, जबकि असंतुलन रोग उत्पन्न करता है। इसी प्रकार त्रिगुण सत्व, रज और तम मानसिक प्रवृत्ति को नियंत्रित करते हैं।

सम्पूर्ण जीवन की ओर आयुर्वेद

आयुर्वेदिक दृष्टिकोण में स्वास्थ्य का मूल्य केवल शारीरिक स्थिति तक सीमित नहीं है। सुखी जीवन का अर्थ है शरीर और मन का संतुलन, इंद्रियों का सम्यक् कार्य, उत्साह, तेज और आत्मबल से युक्त पूर्ण व्यक्तित्व, समाज में सम्मान और उत्तरदायित्व का निर्वाह। इसके विपरीत दुखी जीवन रोग, मानसिक असंतुलन और सामाजिक अस्थिरता से ग्रस्त माना गया है। आयुर्वेद धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थ चतुष्टय का मार्गदर्शक भी है। धर्म नैतिक और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देता है, अर्थ आर्थिक समृद्धि का आधार है, काम जीवन की इच्छाओं और संतोष का मार्ग है तथा मोक्ष आत्मशांति और पूर्णता की दिशा दिखाता है। इस प्रकार आयुर्वेद जीवन को पूर्णता की ओर ले जाने वाला विज्ञान है।

औषधियां और वैज्ञानिक मान्यता

आयुर्वेदिक औषधियां केवल चिकित्सीय पदार्थों पर आधारित नहीं होतीं, अपितु उनका उद्देश्य स्वास्थ्य का संरक्षण और जीवन–शक्ति का पोषण भी है। अरिष्ट, आसव, अवलेह, चूर्ण, तैल, घृत और क्वाथ जैसी औषधियां सुरक्षित और प्रभावी मानी जाती हैं। आज के युग में इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय घटकों की पहचान, शुद्धता और स्थिरता परीक्षण, क्रोमैटोग्राफिक फिंगरप्रिंटिंग और फार्माकोलॉजिकल मूल्यांकन आवश्यक हैं। यह प्रक्रियाएं औषधियों की प्रामाणिकता और चिकित्सीय प्रभावकारिता को विश्व स्तर पर मान्यता दिलाने में सहायक हैं।

आयुर्वेद की व्यावहारिक विशेषताएं

चरक ने कहा है कि हितकर आहार करने वाला और इंद्रियों पर संयम रखने वाला व्यक्ति छत्तीस हजार रात्रियां अर्थात सौ वर्ष जीवित रहता है। जिस समय प्रयोगशाला परीक्षण जैसे शब्द का अस्तित्व भी नहीं था, उस समय आचार्यों ने रक्ताल्पता के लिए लौह योग का निर्देश दिया और बताया कि रक्तवर्धन में लौह से श्रेष्ठ कोई द्रव्य नहीं है। डायबिटीज का निदान बिना प्रयोगशाला के किया गया और उसके लिए औषधियां बताई गईं। बुखार में गर्म पानी, उदर रोग में ऊंटनी का दूध, यक्ष्मा में बकरी का दूध और नींद लाने में भैंस का दूध का प्रयोग – ऐसे निर्देश आयुर्वेद की अद्वितीय व्यावहारिकता दर्शाते हैं। तेल, घी और जल से बनी सब्जियां हितकर हैं, किंतु पुनः गर्म करने पर विष के समान प्रभावकारी हो जाती हैं। त्रिफला सुबह जल के साथ लेने पर मोटापा घटाता है और रात को शहद के साथ लेने पर नेत्रों के लिए लाभकारी होता है। यह औषधियों की बहुप्रभाविता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

आपातकालीन चिकित्सा और विशिष्ट ज्ञान

विष का प्रभाव ऐसा है जैसे जलता हुआ घर, जिसे तुरंत बचाने का प्रयास करना चाहिए। यानी उसी तरह विष की चिकित्सा के प्रति प्रयत्नशील रहना चाहिए। जैसे कमलपत्र पर जल नहीं ठहरता उसी तरह स्वर्ण सेवन करने वाले पर विष का प्रभाव नहीं ठहरता। आत्ययिक रोग (अचानक आया गंभीर रोग) जैसे हिक्का और श्वास रोग विष की भांति तुरंत फैलते हैं। गर्भावस्था में सावधानी का निर्देश समझाने के लिए कहा है कि जैसे किसी को तेल से भरे पात्र को बिना हिलाए ले कर जाना होता है उसी तरह गर्भवती की देखभाल करनी चाहिए।

आयुर्वेद और नीम हकीम

ग्रंथों में नीम हकीम के खतरे को स्पष्ट किया गया है। कहा गया है कि अकुशल शासन के कारण ही नीम हकीम पनपते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया को तांबे का विष पीने से भी अधिक घातक बताया गया है। यह भी कहा गया है कि इन्द्र के वज्र गिरने से कोई बच सकता है लेकिन नीम हकीम से चिकित्सा कराने वाला व्यक्ति नहीं बचता।

काल और आहार का महत्व

आयुर्वेद ने नया अनाज रोगकारक बताया है। एक वर्ष पुराना धान्य हितकारी है, जबकि दो वर्ष से अधिक पुराना शक्तिहीन हो जाता है। गुड़ पुराना होने पर बवासीर में लाभकारी है और पुराना घी मानसिक रोगों का नाश करता है। भोजन से पहले घी का सेवन पत्थरी रोग में लाभ पहुंचाता है जबकि श्वास, कास , सिरदर्द व राजयक्ष्मा में भोजन के बाद घी का पान करने का निर्देश है।

अविचल सिद्धांत

आयुर्वेद की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके सिद्धांत कभी बदलते नहीं। च्यवनप्राश पहले भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता था, आज भी बढ़ाता है और भविष्य में भी बढ़ाएगा। आंवला और हल्दी का मिश्रण डायबिटीज में लाभकारी था, है और रहेगा। रात्रि में दही का सेवन पहले भी निषिद्ध था और आज भी है।

निद्रा और मानसिक स्वास्थ्य

आयुर्वेद ने निद्रा को जीवन का मूल आधार माना है। सुख–दुःख, पुष्टता–कृशता, बल–अबल, ज्ञान–अज्ञान, यहां तक कि जीवन और मृत्यु भी निद्रा पर ही निर्भर हैं।

# योग से मानसिक थकान का समाधान

मानसिक थकान धीरे–धीरे व्यक्ति की कार्यक्षमता और उत्साह कम कर देती है। बिना किसी वजह निराशा छा जाती है। दरअसल, तेज रफ्तार जीवनशैली के चलते मस्तिष्क की कार्यक्षमता धीमी पड़ जाती है। लेकिन दिमाग को हर मानसिक चुनौती से पहले विश्राम चाहिए। ऐसे में योगाभ्यास मन को हल्का और तनावमुक्त बनाता है।

दुनियाभर में एक अरब से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य विकारों से जूझ रहे हैं। इनमें से कई विकार इतने चुपचाप असर डालते हैं कि हमें उनकी गंभीरता का अहसास ही नहीं होता। मानसिक थकान भी ऐसा ही एक विकार है। यह अचानक आपकी दिनचर्या को नहीं बिगाड़ता, बल्कि धीरे–धीरे आपकी कार्यक्षमता, एकाग्रता और जीवन के प्रति उत्साह को कम कर देता है। बिना किसी ठोस कारण के जीवन बोझिल लगने लगता है, निराशा छा जाती है। इस स्थिति में जीवन को फिर पटरी पर लाने की जरूरत होती है।

मानसिक थकान की वजह

तेज रफ्तार जीवनशैली में समय सबसे कीमती वस्तु बन गया है। हम हर पल को अधिकतम उपयोग करने की होड़ में रहते हैं, पर मानसिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। घर हो या दफ्तर, हर जगह हम भाग–दौड़ में व्यस्त रहते हैं। लगातार मानसिक परिश्रम से मस्तिष्क की कार्यक्षमता धीमी पड़ जाती है। दिमाग को हर नयी मानसिक चुनौती से पहले विश्राम चाहिए, ताकि वह अपनी ऊर्जा पुनः प्राप्त कर सके। लेकिन लगातार जल्दबाजी और काम टालने के डर से यह विश्राम लगभग असंभव बन जाता है। ऐसे में नींद पूरी होने के बावजूद थकावट बनी रहती है और मन बेचौन हो उठता है।

ऐसे करें पहचान

इसे अक्सर साधारण थकान समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मगर यदि लगातार शरीर में दर्द, गर्दन में तनाव, दिमागी धुंध (ब्रेन फॉग), असामान्य चिड़चिड़ापन या काम में रुचि की कमी महसूस हो रही है, तो यह चेतावनी है कि आपकी मानसिक सेहत को देखभाल की जरूरत है। लंबे समय तक बनी रहने वाली मानसिक थकान न केवल आपके विचारों को धूमिल करती है बल्कि शारीरिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करती है। अनुसंधान बताते हैं कि मानसिक थकान मस्तिष्क के उन क्षेत्रों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है जो निर्णय लेने, योजना बनाने और कार्य–नियंत्रण के लिए जिम्मेदार होते हैं।

योग विचारों–भावनाओं का संतुलनकर्ता

मानसिक थकान में तंत्रिका तंत्र अक्सर सिम्पैथेटिक मोड में फंस जाता है, जिससे मन हर समय भाग–दौड़ और तनाव की स्थिति में रहता है। योग इसके विपरीत मस्तिष्क में नई न्यूरल पाथवे बनाता है और पैरासिम्पैथेटिक टोन को सक्रिय करता है। नियमित योगाभ्यास से एंडोर्फिन नामक 'फील–गुड' हार्मोन का स्राव बढ़ता है, जो मन को हल्का और तनावमुक्त बनाता है। एमआरआई स्कैन से यह भी सिद्ध हुआ है कि योग मस्तिष्क के उन हिस्सों को मजबूत करता है जो विचार, भावनाओं और ध्यान के लिए जिम्मेदार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु योग को प्रभावी पूरक उपाय मानता है।

थकान के स्रोत पर योग का असर

यौगिक दृष्टिकोण के अनुसार, हर प्रकार का मानसिक विकार शरीर की नाड़ियों में प्राण के अवरोध से उत्पन्न होता है। हमारी हर थकाने वाली मानसिक अनुभूति अनजाने में शरीर की संरचना में संगृहीत हो जाती है और वहां शारीरिक जकड़न के रूप में बनी रहती है। योगिक मूवमेंट्स इन्हीं क्षेत्रों को लक्ष्य करते हैं, जहां थकान की स्मृति संगृहीत रहती है और उन्हें धीरे–धीरे शिथिल करते हैं। यह प्रक्रिया शरीर को लचीलापन प्रदान करने के साथ–साथ एक विशेष प्रकार की आंतरिक अनुभूति (इंटरसेप्टिव अवेयरनेस) भी विकसित करती है। जब व्यक्ति अपनी शारीरिक संवेदनाओं के प्रति सजग होता है, तब मानसिक थकान खुद कम होने लगती है।



योग से दूर करें मानसिक थकान

मानसिक थकान की स्थिति में कभी–कभी ध्यान (मैडिटेशन) भी भारी लगता है और ध्यान करते हुए नींद आने लगती है। ऐसे में बेहतर होता है कि शुरुआत शारीरिक योगाभ्यास से की जाए। बालासन, अधोमुख श्वानासन, वीरभद्रासन, सुप्त बद्ध कोणासन, शशांकासन, सेतुबंधासन जैसे आसनों से प्रारंभ करें। इसके बाद योगमुद्रा और विपरीतकरणी मुद्रा का अभ्यास करें। अंत में भ्रामरी और नाड़ीशोधन प्राणायाम के साथ शवासन में विश्राम करें। यह क्रम शरीर और मन दोनों को संतुलित करता है और मानसिक थकान को घटाने की प्रक्रिया को तेज करता है।

योग का प्रभावः शांति की ओर

योग का प्रभाव आप अभ्यास के पहले ही दिन से महसूस कर सकते हैं। अभ्यास के अंत में जब आप शवासन में लेटते हैं, तब शुरुआत में उदासी, निराशा जैसे भाव या आंसू भी आ सकते हैं। यह मन का स्वाभाविक शुद्धिकरण है। समय के साथ यही भावनाएं बदलकर प्रसन्नता, उत्साह और हल्केपन में बदल जाएंगी। धीरे–धीरे आपकी नींद सुधरने लगेगी, एकाग्रता लौटेगी और मन हल्का महसूस होगा। जब मानसिक थकान पूरी तरह दूर हो जाएगी, तब मन में शांति, संतोष और सुरक्षा का भाव प्रकट होगा और जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण पुनः सकारात्मक हो जाएगा।

# पुरानी रंजिश में हत्या का प्रयास, दो शातिर आरोपी गिरफ्तार, अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद



लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की पूर्वी जोन व थाना चिनहट पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर हत्या के प्रयास के मामले का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध .32 बोर पिस्टल, एक मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। यह कार्रवाई थाना चिनहट और पूर्वी जोन की सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही के तहत की गई ।थाना चिनहट में दर्ज मुकदमा संख्या 490॰2025 के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विनय यादव पुत्र स्व. राम सेवक यादव निवासी कंचनपुर मटियारी और जुल्फी उर्फ सैफ पुत्र नसीम अहमद निवासी इब्राहिमाबाद, जनपद बाराबंकी, वर्तमान पता प्रेमबाग बी–बाजार के पीछे, थाना चिनहट, लखनऊ को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों की उम्र क्रमशः लगभग 28 और 22 वर्ष है ।जांच में सामने आया कि वर्ष 2024 में वादी प्रेमदास यादव ने थाना चिनहट में मुकदमा दर्ज कर आरोप लगाया था कि विनय यादव और उसके साथियों ने मारपीट की, गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। यह मामला मुकदमा संख्या 611॰2024 के तहत दर्ज हुआ था। इसी पुरानी रंजिश के चलते दिनांक 13 सितंबर 2025 को अभियुक्त विनय यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से यादवेन्द्र सिंह यादव पर प्रणामी मंदिर कंचनपुर मटियारी के प्रांगण में गोली चलाई। घटना में यादवेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद मुकदमा संख्या 490॰2025 दर्ज कर जांच शुरू की गई ।उच्च अधिकारियों ने घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत घटनास्थल का निरीक्षण कराया। फोरेंसिक टीम ने मौके से 7.65 एमएम का एक खोखा व धातु का टुकड़ा बरामद किया। तत्पश्चात विशेष टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। आज 16 सितंबर को राष्ट्रीय उद्यम आश्रम इंटर कॉलेज की तरफ जाने वाले रास्ते के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, मैगजीन तथा जिंदा कारतूस बरामद

# दुबग्गा क्षेत्र में गौकशी गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस पर फायरिंग कर भागे आरोपी

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना दुबग्गा क्षेत्र में बीते दिनों गौकशी की घटना का अनावरण करते हुए पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच (पश्चिमी) और स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर आरोपियों की तलाश तेज कर दी थी। जांच में वासिम, इस्तियाक, मोहम्मद अहमद, सुफियान और रियासत अली का नाम सामने आया था, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे ।आज दिनांक 15 सितंबर 2025 को सुबह करीब 11 बजे ग्राम समरथ नगर के सामने किसान पथ पर चेकिंग की जा रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ आरोपी गौकशी की घटना को अंजाम देने के लिए सफेद कार से काकराबाद की दिशा में आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना दुबग्गा, थाना पारा तथा क्राइम ब्रांच की टीमों ने समरथ नगर अंडरपास के पास सर्विस लाइन पर घेराबंदी कर वाहन की तलाशी शुरू की ।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने सफेद रंग की कार को रोकने का प्रयास किया। आरोपियों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान वसीम पुत्र रहीस निवासी ग्राम झबनिया खेड़ा, थाना कासिमपुर, जिला हरदोई, उम्र लगभग 26 वर्ष के रूप में हुई है। उसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया ।घटना के बाद तीन आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। उनकी तलाश के लिए नियंत्रण कक्ष को सतर्क कर दिया गया है। घायल आरोपी वसीम के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदर्शनी देखकर लोग जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ेगे और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित होगें– रजनी तिवारी

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75 वें जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को जिला सूचना विभाग की ओर शहीद उद्यान में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती एवं जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के साथ फीता काटकर किया तथा सभी ने प्रधानमंत्री जी के जीवन पर लगायी गयी भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उद्घाटन से पहले मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा ने अतिथियों को बुकें भेट की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक पोस्टरों के माध्यम से दी गयी है इससे जनपदवासी का ध्यान आकर्षित होगा और आम नागरिकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित होगें। उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने सबसे अधिक महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं देश के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। कार्यकम में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते विद्यालयों का उच्चीकरण करने के साथ शिक्षा को और अधिक बेहतर बनाने पर बल दिया जा रहा है और इस प्रदर्शनी के माध्यम से जनपद के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी भी मिल सकेगी। जिला अध्यक्ष भाजपा श्री बब्बन ने कहा मा0 प्रधानमंत्री जी ने देश के सबसे कमजोर वर्ग के लिए विशेष योजनाएं चलाकर उनके जीवन स्तर को संवारा है तथा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के बच्चों उच्च एवं रोजगार परक शिक्षा दिलाने पर बल देने के साथ युवाओं उद्यम आदि के माध्यम से रोजगार दिया जा रहा है। प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम ने छात्र–छात्राओं एवं जनपदवासियों से अपील की है "समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश॰2047" अभियान के तहत भारत एवं प्रदेश सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं पर लगायी गयी प्रदर्शनी को देख कर जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाये प्रदर्शनी चित्र पर दिये क्यूआर कोड को स्कैन करने के साथ सेल्फी प्वाइंट पर अपनी फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर अवलोड करें। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिका श्रीवास्तव, पूनम भारक्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।



# राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मंडल का भव्य प्रमाण पत्र वितरण समारोह सम्पन्न



लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम परिक्षेत्र में उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भव्य प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री नरेंद्र कश्यप रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने की। समारोह में व्यापार जगत के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे ।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अवनीश दीक्षित 'हनी', राघवेंद्र शुक्ला, प्रकाश मिश्रा और पूर्व राज्य मंत्री सुनील मिश्रा, जो कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट की गवर्निंग बॉडी के सदस्य भी हैं, शामिल हुए। समारोह में संगठन के अध्यक्ष उमेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ महामंत्री सुशील तिवारी 'सोनू पंडित', महामंत्री विशाल कोहली 'सोनू भाई', सौरभ शर्मा, दीपक सहगल, मनीष मिश्रा, दीपू यादव, डॉ. दिनेश माथुर, चेयरमैन आरिफुल हसन आरिफ, कार्यवाहक अध्यक्ष सचिन रस्तोगी सहित अन्य पदाधिकारियों को माननीय मंत्री नरेंद्र कश्यप ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ।अपने संबोधन में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने व्यापारियों को सरकार की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के सहयोग से ही प्रदेश और केंद्र में सरकार बन सकी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उनकी सरकार व्यापारी वर्ग के सुख–दुख में हमेशा साथ खड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि जहाँ भी व्यापारियों को सहायता की आवश्यकता होगी, सरकार हर संभव मदद करेगी ।लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने राजाजीपुरम परिक्षेत्र व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उन्हें बधाई दी और व्यापारिक हितों की रक्षा व संगठन के विस्तार के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। वसीम अहमद, गुड्डू भाई, संजय सिंह, जसवीर सिंह, सरवन उपाध्याय, प्रतीक राय, मोहम्मद सैयद, लल्लन यादव, सर्वेश कुमार यादव, रियान अली, कृपा शंकर मिश्रा, सुधीर अवस्थी, अमित मिश्रा आदि।

# लखनऊ में वाहन चोरी का पर्दाफाश, शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

लखनऊ, (संवाददाता)। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की थाना चौक पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना चौक पुलिस ने आज एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान समीर उर्फ छोटू पुत्र मोबिन निवासी ग्राम करमहना, थाना गौरा, जनपद बलरामपुर, जो वर्तमान में लाल मस्जिद के पास किराये के मकान में बारूदखाना थाना वजीरगंज, लखनऊ में रह रहा था, के रूप में हुई है। उसकी उम्र लगभग 21 वर्ष है ।पुलिस के अनुसार, दिनांक 15 सितंबर 2025 को संदीप कुमार चौरसिया निवासी मड़ियाव ने थाना चौक में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि वह सुबह करीब आठ बजे ट्रामा सेंटर दवा लेने आए थे और अपनी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या ) गेट नंबर 16 के पास खड़ी कर अंदर चले गए थे। दवा लेकर लौटे तो वाहन गायब था। आसपास तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला ।तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। आज 16 सितंबर 2025 को सुबह करीब 2:22 बजे पुलिस ने राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज के पीछे सड़क किनारे से समीर उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने वाहन चोरी की घटना स्वीकार की। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई ।पुलिस ने बताया कि समीर उर्फ छोटू का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ पहले से हत्या, चोरी और असलहों से संबंधित अपराधों में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें थाना वजीरगंज में हत्या से संबंधित मामला, थाना मड़ियाव में चोरी का मामला, थाना चौक में चोरी का मामला और थाना ठाकुरगंज में चोरी व अन्य अपराधों से संबंधित मुकदमे शामिल हैं। वर्तमान में उसके खिलाफ थाना चौक में वाहन चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया है। बरामद मोटरसाइकिल काले रंग की बजाज पल्सर है, जिसका रजिस्ट्रेशन पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है ।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय, उप निरीक्षक आशुतोष यादव, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, उप निरीक्षक मोनेश कुमार यादव तथा कांस्टेबल हिमांशु सिंह शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मां सरस्वती व्यवसायी संघ शाखा के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

सिटी रिपोर्टर प्रत्यूष पाण्डेय

लखनऊ। न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड के पार्षद विनोद यादव के नेतृत्व में दर्जनों नगर निगम कर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। गोकुल नगर की मां सरस्वती व्यवसाई संघ शाखा, आवास विकास कॉलोनी मुन्नू खेड़ा पारा, हनुमान जी के मंदिर व आसपास मां सरस्वती व्यवसाई संघ शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान प्रातःकाल चलाया गया। जिसमें मां सरस्वती व्यवसाई संघ शाखा के सरस्वती बस्ती में निवास करने वाले नगर के प्रवासी बंधु, बस्ती में लगने वाली शाखा टोली के बंधु, निवास करने वाले स्थानीय संभ्रांत नागरिकों ने



मिलकर स्वच्छता सफाई अभियान में सहयोग प्रदान कर भागीदार बने ।अशोक शाखा कार्यवाह मां सरस्वती व्यवसाई शाखा गोकुल नगर लखनऊ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दर्जनभर से अधिक स्वयंसेवक, पार्षद विनोद यादव,वार्ड अध्यक्ष जवाहर जी, तमाम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी तथा आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों पर सवार होकर आए नगर निगम कर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

### मोटोरोला ने बिग बिलियन मोटोरश की घोषणा की

नई दिल्ली (प्रत्यूष पाण्डेय). मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्घ्लोबल लीडर और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2025 के लिए प्रीमियम और मिड–रेंज स्मार्टफोन्स के अपने सबसे बड़े फेस्टिव लाइन–अप की घोषणा की। ये सभी स्घ्मार्टफोन अविश्घ्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे। दुनिया के सबसे शानदार एआई–पावर्ड मोटोरोला एज 60 प्रो और मोटोरोला एज 60 फ्यूजन से लेकर बेस्टसेलिंग मोटो जी सीरीज स्मार्टफोन्स तक, और आइकॉनिक मोटोरोला रेजर 60 सीरीज तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाएगा। यह सेल केवल फ्लिपकार्ट पर 23 सितंबर से रात 12 बजे से अर्ली एक्सेस कस्टमर्स के लिए और 22 सितंबर से सभी उपभोक्ताओं के लिए लाइव होगी। सभी डिवाइसेस सेल की अवधि के दौरान आकर्षक बिग बिलियन डेज दामों पर उपलब्ध होंगे। इस बिग बिलियन डेज में मोटोरोला एज 60 प्रो 8 प्लस 256 जीबी, जिसकी मूल कीमत 29,999 रुपये है, अब केवल 24,999 रुपये में उपलब्ध है, और यह एक शानदार सौदा है। इसमें सेगमेंट का पहला पैनटोन वैलिडेटेड ट्रिपल 50 एमपी कैमरा सिस्टम है।

# घर में घुसकर कीमती जेवर चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

लखनऊ, (संवाददाता)। दक्षिणी जोन के थाना नगराम पुलिस ने घर में घुसकर कीमती जेवर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए सोने.चाँदी के जेवरात व मोबाइल फोन बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम की उम्मीद जताई जा रही है ।थाना नगराम क्षेत्र के ग्राम अब्बास नगर निवासी देवीदीन, जो कि चौकीदार हैं, ने दिनांक 15 सितंबर 2025 को थाना नगराम में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर तीन ठप्पे वाली सोने की माला, एक ठप्पे वाली माला, एक जोड़ी झुमकी, चाँदी की करधनी, पाँच जोड़ी बिछुए, एक जोड़ी पायल तथा एक हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। शिकायत मिलने पर थाना नगराम में मुकदमा संख्या 203॰2025 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की ।थानाध्यक्ष द्वारा अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर आज 16 सितंबर 2025 को शिवनंदन इंटर कॉलेज के पास बनी पुलिया से संजय उर्फ बबलू पुत्र इन्द्रप्रसाद तथा सतीश कुमार पुत्र रामसनेही को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अभियुक्त ग्राम अहमदपुर आजम अली, मजरा शाह मोहम्मदपुर अपैया, थाना नगराम, लखनऊ के निवासी हैं ।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि चोरी का माल वही है जो उन्होंने दो दिन पूर्व ग्राम अब्बास नगर से चोरी किया था। आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद हुआ जिसमें तीन ठप्पे की सोने की माला, एक ठप्पे की सोने की माला, एक जोड़ी सोने की झुमकी, चाँदी की करधनी, चाँदी की पायल, पाँच जोड़ी बिछुए, चाँदी की अंगूठी तथा वादी से चोरी गया मोबाइल फोन शामिल है। आरोपियों ने यह भी बताया कि चोरी के समय मिले एक हजार रुपये खर्च कर दिए गए हैं ।पुलिस ने बताया कि संजय उर्फ बबलू का पूर्व में भी दो मुकदमों में नाम दर्ज है जबकि सतीश कुमार का अन्य कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। दोनों अभियुक्त घरों में घुसकर चोरी कर चोरी का सामान बेचकर जीविका चलाने का काम करते थे ।गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक अनुज भाटी, उप निरीक्षक चन्द्र बहादुर यादव, मुख्य आरक्षी राकेश मिश्रा, आरक्षी नीलेश कुमार तथा आरक्षी संजय कुमार शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में पात्रता श्रेणी का विस्तार किया

लखनऊ, (संवाददाता) ।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी का विस्तार करते हुए कई वंचित वर्गों को योजना से जोड़ने का निर्णय लिया है। अब सपेरा (सपेरिया) समुदाय, जो विमुक्त जाति के अंतर्गत आता है, तथा जोगी जाति (अन्य पिछड़ा वर्ग) को भी योजना की प्राथमिकता सूची में शामिल कर लाभ दिया जाएगा ।मिली जानकारी के अनुसार जनपद मथुरा की 13 ग्राम पंचायतों में सपेरा समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार निवास कर रहे हैं। इसी तरह जनपद प्रयागराज और सहारनपुर में भी इस जाति के परिवार पाए गए हैं। साथ ही जनपद कानपुर देहात के विकास खंड मैथा में जोगी जाति के लगभग 200 निर्धन परिवार चिन्हित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त चेरो अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आने वाले लगभग 250 परिवारों को जनपद चंदौली में योजना में शामिल किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में दैवीय आपदा, विशेष कठिनाई, बेघर परिवार, जीर्ण–शीर्ण आवास और कच्चे घरों में रह रहे गरीबों को निशुल्क पक्का आवास उपलब्ध कराया जाता है। समय–समय पर अति पिछड़े, कमजोर वर्ग और विशेष कठिनाई में जीवन यापन कर रहे लोगों को पात्रता सूची में सम्मिलित कर सहायता प्रदान की जाती रही है ।गत वर्ष योजना में पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं (आयु 18 से 40 वर्ष) को शामिल करने का निर्णय लिया गया था। अब इसे बढ़ाकर 18 से 50 वर्ष कर दिया गया है ताकि अधिक संख्या में निराश्रित महिलाएं लाभान्वित हो सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयु वर्ग की महिलाएं संवेदनशील हैं, जिनमें अधिकांश के छोटे बच्चे होते हैं, और उन्हें सामाजिक व सरकारी सुरक्षा की विशेष आवश्यकता होती है। यह कदम 'मिशन शक्ति' की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा उठाया गया।

# लाटूश रोड मछली मंडी में पेड़ गिरने से एक की मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना क्षेत्र लाटूश रोड स्थित मछली मंडी में आज दोपहर करीब 1रू20 बजे एक पुराने पीपल के पेड़ के गिरने से बड़ा हादसा हो गया। पेड़ गिरने से पास की दीवार और टीन शेड की कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं और कुछ लोग उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और दमकल की टीम को बुलाकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। साथ ही उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी देकर आवश्यक कार्यवाही शुरू की गई मौके पर अधिकारियों की टीम मौजूद है और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। अब तक एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि चार घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बलरामपुर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। प्रशासन की टीम क्षतिग्रस्त दुकानों व दीवार की मरम्मत तथा प्रभावितों को सहायता उपलब्ध कराने में जुटी हुई है ।घटना में मृतक की पहचान रामू देवनाथ (70 वर्ष) निवासी शिवलोक त्रिवेणीनगर, थाना अलीगंज के रूप में हुई है। वहीं घायल व्यक्तियों में मो. रिजवान (25 वर्ष), मो. शोएब (27 वर्ष), मो. अरमान रसूल (34 वर्ष) सभी निवासी मछली मोहल्ला, कैसरबाग तथा अभिषेक यादव (25 वर्ष) निवासी बहलिया, थाना मलिहाबाद शामिल हैं ।पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि पुराना पेड़ कमजोर होने के कारण गिर गया। फिलहाल राहत कार्य के साथ–साथ नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मृतक के परिजनों को सूचित कर उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है ।स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि ऐसी आपात स्थिति में तुरंत सूचना देकर प्रशासन की मदद करें ताकि समय पर राहत एवं बचाव कार्य पूरा किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा उपायों और दुर्घटना रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगेइस दुखद घटना ने क्षेत्र में शोक का माहौल पैदा कर दिया है।

# संजय सिंह ने मेहराज मलिक की गिरफ्तारी को बताया गैरकानूनी, भाजपा पर साधा निशाना

लखनऊ, (संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जम्मू–कश्मीर के डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी को पूरी तरह से गैरकानूनी बताया और इसे भाजपा की जनविरोधी मानसिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के विरोध में पूरा जम्मू–कश्मीर सड़कों पर है और आम आदमी पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सदन से लेकर सड़क और अदालत तक हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी ।संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा और मोदी सरकार की पुलिस तथा जांच एजेंसियाँ केवल इसलिए सक्रिय हो रही हैं ताकि जहाँ भी आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता बढ़े, वहाँ उसका गला घोंट दिया जाए। उन्होंने कहा कि मेहराज मलिक अस्पतालों और आम जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे थे, लेकिन भाजपा की पुलिस ने उन पर आतंकवाद से जुड़ी धाराएँ लगाकर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने



बताया कि हालत इतनी खराब है कि जब वे श्रीनगर में प्रेस वार्ता करने पहुँचे तो उन्हें गेस्ट हाउस में हाउस अरेस्ट कर लिया गया और कई बार मुख्यमंत्री रह चुके फारूक अब्दुल्ला तक उनसे मिलने नहीं दिए गए ।संजय सिंह ने भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुदस्सिर हुसैन और उनके साथी यूनुस भाई को चुनाव लड़ने के लिए जनता से सहयोग राशि लेने के आधार पर प्रताड़ित किया गया। एक साल बाद जब मेहराज मलिक का मामला तूल पकड़ने लगा तो क्राइम ब्रांच ने उन्हें बुलाकर आठ घंटे तक बेवजह प्रताड़ित किया। वहीं दूसरी ओर भाजपा हजारों करोड़ के घोटालेबाजों को गले लगाकर संरक्षण देती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों को भाजपा सीने से लगाती है जबकि ईमानदार कार्यकर्ताओं को आतंकवादी बताकर जेल में डालती है ।संजय सिंह ने मोदी–अडानी रिश्तों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि भागलपुर, बिहार में मोदी सरकार ने अडानी को एक रुपये में 1050 एकड़ जमीन देकर तीन पावर प्लांट लगाने का सौदा कर लिया। इसके अलावा 25 वर्षों तक ७7 प्रति यूनिट बिजली खरीदने का वादा भी कर दिया। उन्होंने कहा कि जनता 11 से 12 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीद रही है लेकिन मोदी जी को इसकी कोई चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री नहीं बल्कि अडानी के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जिस जमीन को कागजों में 70 प्रतिशत बंजर बताया गया, वहाँ आम, लीची और मालदा के दस लाख से अधिक पेड़ लगे हैं, जिनके फल राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के घर तक पहुँचते हैं ।संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में भी वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि महोबा जिले में फर्जी वोटों का मामला सामने आया है जहाँ एक ही घर में 4271 वोट दर्ज पाए गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी का केंचुआ और भाजपा मिलकर यूपी में वोट चोरी की डकैती कर रहे हैं और जनता को सतर्क रहना चाहिए ।शिक्षा और बेरोजगारी पर बोलते हुए संजय सिंह ने योगी सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि दो शिक्षकों ने ज्म्ज की अनिवार्यता से परेशान होकर आत्महत्या कर ली।

# दीपोत्सव पर योगी सरकार अयोध्या को देगी सरयू किनारे आधुनिक फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का तोहफा

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दीपोत्सव पर अयोध्या को एक अनूठा उपहार देने जा रही है। सरयू नदी के किनारे पर्यटकों के लिए एक आधुनिक फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू किया जाएगा, जो न केवल अयोध्या के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।बल्कि तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव भी प्रदान करेगा। इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण मुंबई की कंपनी लिटमस मरीन ने किया है और यह अयोध्या में पर्यटन निगम का तीसरा व्यावसायिक प्रतिष्ठान होगा। लिटमस मरीन के प्रबंधक सुशील तंद्रे ने बताया कि यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 20.5 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा है। इसमें 12.6 मीटर का हिस्सा रेस्टोरेंट के लिए उपयोग किया जाएगा, जहां एक बार में 35 पर्यटक बैठ सकेंगे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि प्रदेश सरकार और पर्यटन निगम का यह प्रयास अयोध्या को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और कदम है। राम मंदिर के निर्माण और अन्य पर्यटन परियोजनाओं के बाद, यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट अयोध्या की ब्रांडिंग को और मजबूत करेगा। इस तरह की पहल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।रेस्टोरेंट पूरी तरह से वातानुकूलित है और इसमें आधुनिक लाइटिंग सिस्टम के साथ–साथ एक सुसज्जित किचन भी है। इसे तैयार करने में डेढ़ माह का समय लगा और तकरीबन 20 कर्मचारी इसमें सेवाएं दिया है। यह रेस्टोरेंट 10 से 15 मीटर गहरे पानी में संचालित हो सकता है, जो इसे सरयू नदी के प्रवाह में सुरक्षित और स्थिर बनाता है।यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर्यटकों को सरयू नदी के बीच भोजन का आनंद लेने का अवसर देगा, जहां से वे अयोध्या के पौराणिक और आध्यात्मिक दृश्यों का लुत्फ उठा सकेंगे। खासकर दीपोत्सव के दौरान, जब अयोध्या दीयों की रोशनी से जगमगाती है, यह रेस्टोरेंट पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा। पर्यटक न केवल स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे, बल्कि नदी के शांत वातावरण और अयोध्या की सांस्कृतिक सुंदरता को भी करीब से महसूस कर सकेंगे।



## विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि समग्र व्यक्तित्व विकास का माध्यम भी है : कुलपति

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव–2025 का आगाज गुरुवार को धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय परिसर का वातावरण सुबह से ही जोश और उमंग से भरा हुआ था। छात्र–छात्राएँ परंपरागत खेलों और बौद्धिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उत्साहित दिखाई दिए। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा षविश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि समग्र व्यक्तित्व विकास का माध्यम भी है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को अनुशासन, संघर्ष और सहयोग की भावना सिखाते हैं। खेल और प्रतियोगिताएँ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि दीक्षोत्सव–2025 पूरे सप्ताह चलेगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद और बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों की सक्रिय भागीदारी ही इस आयोजन की वास्तविक सफलता है। पहले दिन खेलकूद की शुरुआत कबड्डी (बालक वर्ग) से हुई, जिसमें 12 विभागों की टीमें मैदान में उतरीं। खिलाड़ियों ने अपनी पूरी ताकत और रणनीति के साथ शानदार प्रदर्शन किया। दर्शक दीर्घा में बैठी भीड़ ने तालियों और नारों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं खो–खो (बालिका वर्ग) में 5 टीमों ने हिस्सा लिया। छात्राओं ने तेजी, चुस्ती और खेल भावना से सभी का दिल जीत लिया। खेलों के साथ–साथ भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या जिला अस्पताल में धडल्ले से बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा लिखी जा रही बाहर की दवाए

(राजेश श्रीवास्तव)

अयोध्या।जिला अस्पताल में एक बड़ा दवा घोटाला सामने आया है,जिसने स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।सोशल मीडिया पर वायरल हुए दो पर्चों में बाल रोग विशेषज्ञ के नाम की मुहर लगी है।जिनमें मोटे कमीशन वाली महंगी दवाएं लिखी गई हैं।आरोप है कि मरीजों को न केवल बाहर से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है,बल्कि उन्हें स्पेसिफिक दवा दुकानों का नाम भी बताया जा रहा है। एक पर्चे में मरीज को बाहर से सीटी स्कैन कराने का भी उल्लेख है, जो सरकारी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बावजूद किया गया।सूत्रों के मुताबिक, इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान डॉ. आमिर अतीक भी बाहर की दवाएं लिखने में शामिल हैं। यह प्रथा न केवल मरीजों की जेब पर भारी पड़ रही है, बल्कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के जेनरिक दवाएं लिखने के दिशानिर्देशों का भी उल्लंघन है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में मुफ्त दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे गरीब मरीजों पर आर

### विधि विधान पूर्वक हर्षोल्लास पूर्वक मना शिल्पकार विश्वकर्मा भगवान की जयंती

अयोध्या। बुधवार को शिल्पकार विश्वकर्मा भगवान की पूजा पुलिस लाइन सहित सरकारी व गैर सरकारी ऐसे संस्थानों जहां पर वाहन, मशीने आदि का प्रयोग होता है।वहाँ पर विधि विधान पूर्वक संपन्न हुई।पुलिस लाइन के अलावा फायर स्टेशन पर विश्वकर्मा भगवान पर पूजा विधि विधान पूर्वक मनी।इस मौके पर फायर स्टेशन मे मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया।इसके बाद हवन पूजन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी प्रदीप पांडे, हृदयनाथ विश्वकर्मा, सुनील कुमार, अवधेश पाण्डेय,प्रदीप कुमार सहित अग्निशमन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।इसके अलावा रोडवेज स्टेशन, फेसू सहित सभी विद्युत उपकेंद्रों पर, लोक निर्माण विभाग कार्यालय सहित अन्य जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई और इस मौके पर प्रसाद वितरण भी हुआ। इसके अलावा गद्दोपुर स्थित आईसर कंपनी परिसर में विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर अमल गुप्ता और उनके पुत्र सुशांत मित्तल ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा किया।इस मौके पर राम तीरथ,वरुण चौधरी विष्णु विक्रम सिंह राम मूरत, सत्येंद्र, अनुज सिंह, शिवकुमार, समेत एजेंसी के सभी कर्मचारी शामिल रहे।सहादतगंज बाईपास स्थित गीता हुंडई एजेंसी पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना व हवन पूजन हुआ। इस मौके पर हुंडई के डायरेक्टर श्याम पाल चोपड़ा गगन चोपड़ा, गौरव चोपड़ा ने हवन पूजन किया।इस मौके पर चोपड़ा,सक्षम चोपड़ा,अनुज, आलोक मिश्रा,जीएम सुरेंद्र मौर्य, चंदन सिंह,आदित्य मिश्रा,विश्वजीत सिंह, राजेश सिंह, सुरेश सिंह,संजय यादव, अरविंद यादव, रंजीत आमिर खान समेत एजेंसी के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।सिविल लाइन स्थित चंद्र एजेंसी में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर डायरेक्टर तरुण मित्तल मैनेजर जगदीश यादव ने पूजा अर्चना की

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोशल मीडिया : सुविधा या साजिश विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव के अवसर पर ष्सोशल मीडियारू सुविधा या साजिशष विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया और सोशल मीडिया के प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया से जुड़ी सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही पहलुओं पर चर्चा की। अधिकांश वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि आज के समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम तो है, लेकिन इसके अत्यधिक और असावधानीपूर्ण प्रयोग से व्यक्ति को मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। दीक्षोत्सव के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मंच पर अपने विचार व्यक्त करने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास आता है और व्यक्तित्व का विकास होता है।

समापन सत्र में आयोजन समिति की सदस्य डॉ. अन्नु त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर किसी के हाथ में मल्टीमीडिया मोबाइल है, जिससे सोशल मीडिया पर हमारी गतिविधियाँ लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने इसके अत्यधिक प्रयोग को नुकसानदायक बताते हुए विवेकपूर्ण उपयोग की सलाह दी। प्रतियोगिता का संचालन जनसंचार विभाग के छात्र सुमित सिंह ने की। और श्याम त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे

# पीयू में महाविद्यालय प्रबंधकों ने कुलपति को दिया ज्ञापन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,18 सितम्बर।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में महाविद्यालयों के सम्बध्ता विस्तरण के लिए कुलपति एवं कुलसचिव को गुरुवार को प्रबंधकों ने ज्ञापन दिया। सम्बधत्ता विस्तरण करने की मांग की। उन्हें कुलपति व कुलसचिव ने आश्वासन दिया कि मानक पूरा करने वाले कॉलेजों को संबद्धता विस्तारण का अवसर दिया जाएगा । स्ववित्तपोषित प्रबंधक महासंघ बैनर तले प्रबंधकों का समूह विश्वविद्यालय पहुंचा और महाविद्यालयो के सम्बधता विस्तरण के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह को ज्ञापन दिया और मांग किया कि 50 से अधिक कॉलेज का संबद्धता विस्तारण नहीं हुआ है। ऐसे कालेजो विस्तरण का मौका दिया जाए ।प्रबंधकों ने आश्वासन दिया कि जिन महाविद्यालय में प्रवक्ताओं का अनुमोदन नहीं है या अन्य कोई कमिया है वह जल्दी से जल्दी ठीक कर लेंगे । कुलपति ने भी उन्हें यह निर्देश दिया कि कॉलेज में जो भी कमियां हैं उसे तत्काल पूरा किया जाए। उन्हें मौका संबद्धता विस्तरण के लिए मौका दिया जा रहा है। आश्वासन पर प्रबंधकों ने राहत की सांस ली। इस दौरान प्रबंधकों के सहयोग पीयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष राहुल सिंह, महामंत्री शैलेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान स्ववित्तपोषित प्रबंधक महासंघ के अध्यक्ष चन्द्रेश सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, मानसिंह ,रामानंद यादव, मुन्नेलाल यादव ,भूपेंद्र यादव मौजूद रहे। इस मामले में डॉ विनोद कुमार सिंह परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि प्रबंधकों को आश्वासन दिया है कि 30 अक्टूबर तक शिक्षक चयन प्रक्रिया पूरी कर ले, उसके बाद कॉलेज छात्र हित में उन्हें सम्बध्ता विस्तरण का अवसर दिया जाएगा, और ऐसा नहीं कर पाने वाले कॉलेजों में अगले साल प्रवेश रोक दिया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला एसओ ने महिलाओ व बालिकाओं को दिये सुरक्षात्मक टिप्स

अयोध्या। गुरुवार को महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला ने थाना कैंट क्षेत्र के नया पुरवा नियावा मे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओ व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।इस मौके उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं से अपील किया कि मोदी व योगी सरकार में आप सभी सुरक्षित है।महिला पुलिस के सेवा मे हमेशा तत्पर है।उन्होंने कहा कि बेहिचक आप सभी लोग अपनी–अपनी समस्याओं को महिला पुलिस से कह सकती हैं।इस मौके पर उन्होंने खासकर बालिकाओं को गुड टच और वह बेड टच के बारे में विस्तृत रूप से समझाया उन्होंने कहा कि अगर आपको कोई भी व्यक्ति बेड टच करता है तो बिना डरे



हुए इसकी शिकायत आप सभी अपने परिजनों के साथ–साथ पुलिस को सूचित करें जिससे कि इस हरकत को करने वाले अराजक तत्वों पर कार्यवाही हो सके।इस मौके पर उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।इस मौके पर उन्होंने वहां पर मौजूद महिलाओ व बालिकाओं को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन एवं सुकन्या योजना और हेल्पलाइन नंबर,पुलिस सहायता हेतु विमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, महिला हेल्पलाइन 181,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर अपराध 1930 के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष के अलावा महिला आरक्षी ज्योति सिंह,महिला होमगार्ड ममता पाठक और महिला पीव आरव डीव सुशीला सहित कई महिला व बालिकाएं मौजूद रहे।

### मां का हाथ थामकर, अपना भविष्य खुद बनाने आ रही हैं 'गंगा माई की बेटियां'

लखनऊ (प्रत्यूष पाण्डेय).पीढ़ी दर पीढ़ी, महिलाओं ने समाज की उम्मीदों का बोझ उठाया है। उनके फैसलों पर सवाल उठे, संघर्षों में उन्हें चुप करा दिया गया और अक्सर उन्हें अकेले ही अपनी लड़ाई लड़नी पड़ी। लेकिन बार–बार उन्होंने टूटकर भी खुद को संभाला, रूढ़ियों को तोड़ा और अपनी राह खुद बनाई। आगामी शो 'गंगा माई' की कहानी भी ऐसी ही एक दास्तान है। अपने दम पर अपनी तीन बेटियों को पालने वाली गंगा माई समाज के ताने झेलती है, घर चलाने के लिए लगातार मेहनत करती है और अपनी बेटियों को पढ़ाती है ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। 'गंगा माई की बेटियां' शो का प्रीमियर सोमवार 22 सितंबर को होगा और इसका प्रसारण जी टीवी पर रोज रात नौ बजे किया जायेगा। 'गंगा माई की बेटियां', एक ऐसी मां की संवेदनशील पारिवारिक कहानी जो सामाजिक ठप्पों के आगे झुकती नहीं। वह शून्य से अपनी जिंदगी फिर से बनाती है, बेटियों को सम्मान के साथ पालती है और उन्हें जीवन से डटकर सामना करना सिखाती है। जी कन्नड़ के चर्चित धारावाहिक 'पुट्टकाना मक्कलु' से रूपांतरित यह शो एक मां की हिम्मत और उसकी बेटियों की लगन को सामने लाता है, ।

## करोड़ो की जमीन घोटाले का खुलासा के लिए दियरा स्टेट के राजा ने लगाई न्याय की गुहार

अयोध्या। गुरुवार को शहर के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में दियरा स्टेट के वैध उत्तराधिकारी राजा बृजेन्द्र प्रताप शाही और वरिष्ठ भाजपा नेता शरद पाठक श्बाबाश ने अयोध्या सहित विभिन्न स्थानों पर फैली दियरा स्टेट की भूमि में 2000 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का गंभीर आरोप लगाया।उन्होंने दावा किया कि फर्जी दस्तावेजों और राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से संपत्तियों को हड़पने का प्रयास हो रहा है।राजा बृजेन्द्र प्रताप शाही ने कहा कि अयोध्या, देवकाली, नियावां, खोजनपुर, जनौरा, रानोपाली, अंकारोपुर, माझा जमथरा सहित कई स्थानों पर दियरा स्टेट की भूमि को फर्जी नियुक्ति पत्र, जाली हस्ताक्षर और कूट रचना के माध्यम से हथियाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि शिवेन्द्र प्रताप शाही द्वारा स्वयं को राजा जगदीश प्रताप शाही का भतीजा बताकर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराया गया, जबकि यह पूरी तरह गलत है।उन्होंने बताया कि शिवेन्द्र की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी प्रतिभा शाही व पुत्रगण प्रतीक व प्रणय शाही द्वारा फर्जी वरासत दर्ज कराकर जमीनें बेची जा रही हैं। विशेषज्ञों ने भी कथित नियुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर को जाली करार दिया है।प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी की पत्नी का नाम भी आया सामने राजा शाही ने कहा कि प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नामाला रविन्द्र की पत्नी नामाला इंद्राणी के नाम पर भी करीब 350 करोड़ की भूमि औने–पौने दामों पर बैनामा की गई है।



# किसानों को समय से यूरिया, बीज उपलब्ध कराया जाए – बाबू सिंह कुशवाहा

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । सांसद सदर बाबू सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता, सह अध्यक्ष सांसद मछलीशहर सुश्री प्रिया सरोज और राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मनरेगा के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम प्रधानों के द्वारा कराये गये कार्यो में मजदूरी का समय से भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि विकास खंड स्तर पर मनरेगा के कार्यों में भुगतान सम्बन्धित शिकायत नही आनी चाहिए। उन्होंने मनरेगा के बजट से बनाए जा रहे अन्नपूर्णा भवनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव अनिवार्य रूप से लेकर ही निर्माण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। अधीक्षण अभियंताओं पीडब्ल्यूडी द्वारा शिलापट्ट लगाये जाने सम्बन्धी गलत सूचना दिए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हे स्पष्टीकरण दिये जाने के निर्देश दिये गये और कहा कि लोक निर्माण विभाग के सड़कों में सम्बन्धित जनप्रतिनिधि का शिलापट्ट लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के तहत बनाई गई ऐसी सड़के जो 8 साल से अभी तक बनी नहीं है उनमें आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाने हेतु ट्रांसफर करने के निर्देश दिये गए। अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी मानक पूरे किए जाएं, जगह चिन्हित करते हुए रंबल स्ट्रीट, सांकेतिक चिन्ह आदि की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही टोल प्लाजा पर लोगों से बदसलूकी और अवैध रुप से बैरियर लगाकर पैसे वसूले जाने और टोल प्लाजा के परिधि में आने वालें 20 किलोमीटर के भीतर के लोगों से भी पैसे लिए जाने की शिकायत पाये जाने पर एनएचएआई के अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तत्काल व्यवस्था में सुधार लाये तथा आवश्यक कार्यवाही करे अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को कहा कि टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों के चरित्र प्रमाण–पत्र समिति के समक्ष उपलब्ध कराये। वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष के द्वारा जिला अस्पताल में ऑनलाइन पंजीकरण, डॉक्टरों की ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा की गयी और निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख उचित तरीके से सुव्यवस्थित किये जाये। मरीजों का अच्छे से इलाज किया जाए। सीएचसी मछलीशहर की बाउंड्री वॉल ठीक कराने और ट्रॉमा सेंटर हौज में खराब अल्ट्रासाउंड मशीन को ठीक कराए जाने और जनपद में एमआरआई मशीन लगाई जाने के प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के भी निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों को समय से यूरिया, बीज और अन्य उर्वरक आदि उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही काला बाजारी, ओवर रेटिंग करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, सीएचसी, पीएचसी पर सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने और जनप्रतिनिधियों के आवास पर बीएसएनएल के टेलीफोन कनेक्शन लगाए जाने सहित जनपद में निर्माणाधीन पुल का कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश माननीय अध्यक्ष जी के द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। जलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा अध्यक्ष को आश्वस्त कराया गया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशरू पालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस अवसर पर विधायक जफराबाद जगदीश नरायन राय, शाहगंज रमेश सिंह, केराकत तूफानी।



# थाना खंडासा मामले मे सीओ मिल्कीपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों के घर दी दबिश,सात आरोपी हिरासत में

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।अयोध्या जनपद खंडासा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर चौराहे पर कर सवार लोगों द्वारा दुकान में घुसकर व्यवसाई से असलहे के बल पर लूट एवं मारपीट किए जाने के मामले में आखिरकार तूल पकड़ लिया है। खंडासा पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट एवं जानलेवा हमले सहित लूट की गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने मामला संज्ञान में आने के तुरंत बाद सी ओ मिल्कीपुर के नेतृत्व में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए श्री राम जानकी महाविद्यालय के प्राचार्य अवधेश शुक्ला सहित 7 लोगों को हिरासत में लिया है। बताते चलें कि रामनगर अमावा सूफी गांव निवासी अंशुमान शुक्ल पुत्र पारसनाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव के ही निवासी शिक्षा व भू माफिया श्री राम जानकी महाविद्यालय के प्राचार्य अवधेश शुक्ला ने 17 सितंबर को दिन में लगभग 11रू30 बजे अपने गुर्गों के साथ इनोवा कार रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 42 बी एस 0586 से लाठी डंडा से लैस होकर दुकान के अंदर घुस गए थे और अवधेश शुक्ला ने कनपटी पर पिस्टल लगाकर डंडा से मारना शुरू कर दिया था। इनके साथ उनके सहयोगी कालेज के कथित शिक्षक बाबू सिंह और इंद्रभान शुक्ला, तथा अमन, शिवेंद्र पुत्र योगेंद्र शुक्ला ने भी जमकर मारा पीटा। श्री चंद्र शुक्ला ने बताया मैं अंशुमान शुक्ला पुत्र पारसनाथ के दुकान पर घूमने गया था, तभी अचानक अवधेश शुक्ला के साथ उनके गुर्गों ने हमला कर दिया। वहीं बीच बचाव करने में दुकान मालिक को भी पीटा। दुकानदार अंशुमन शुक्ला ने थाना खंडासा पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दुकान के अंदर घुसकर मारपीट कर रहे थे जब हमने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो पिस्टल कनपटी पर सटाकर दुकान में रखे नकदी भी लूट ले गए। इसी बीच अपनी मां की दवा लेने पहुंचे राहुल शुक्ला पुत्र संतोष कुमार को दुकान पर दौड़ा कर मारा पीटा। वह किसी तरह से जान बचाकर वहां से भाग खड़ा हुआ था। राहुल शुक्ला ने बताया था कि थाने लिखित प्रार्थना पत्र दे दिया है। घटना के बाद से रामनगर चौराहे पर ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और दुकानदार घटना स्थल पर पहुँच गए और जल्द ही प्रशासनिक कारवाई की मांग करने लगे थे। जानकारी मिलते ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई थी। घटना स्थल पर टूटे हुए डन्डे और खून की छीटे घटना की चीख चीख कर गवाही दे रहे थे। कुर्सी भी टूटी हुई है। दुकानदारों ने घटना की निंदा करते है जल्द ही दोषी लोगों पर कारवाई की मांग की थी। इन्हीं दबंगों ने दो दिन पहले होटल पर बैठे अमावा सूफी निवासी देव नरायण शुक्ल और विजय तिवारी को होटल से उठा कर अपने कालेज के अन्दर ले जाकर लाठियां बरसाई थी और दोनों गांव छोड़ कर फरार हो गए हैं। जिसकी तहरीर पुलिस को पहले ही मिल चुकी है। वहीं पीड़ित पक्ष ने स्थानीय पुलिस पर आरोपी से मिलीभगत का आरोप भी लगाया है। हालांकि मामला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद पूरी तरह से गरमा गया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0 – 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।